**मुझे एक वकील कहाँ मिल सकता है?**

आप North Carolina Bar Association के लॉयर रेफरल सर्विस को (800) 662-7660 पर, North Carolina के कानूनी सहयता को (866) 369-6923 टोल फ्री क्रमांक पर कॉल कर सकते हैं, या अपनी स्थानीय टेलेफोन डायरेक्टरी जाँच सकते हैं|

**रोजगार सुरक्षा कानून की एक प्रति मैं कहाँ से प्राप्त कर सकता/ सकती हूँ?**


रोजगार सुरक्षा कानून, North Carolina के सामान्य संविधान के अध्याय 96 में और North Carolina के एडमिनिस्ट्रैटिव कोड के शीर्षक 4 के अध्याय 24 में पाया जाएगा| आप प्रशासकीय कानून की एक प्रति रोजगार सुरक्षा डिवीज़न की www.ncesc.com वेबसाइट पर, जनरल असेंबली की www.ncga.state.nc.us वेबसाइट पर, या एडमिनिस्ट्रैटिव सुनवाई के कार्यालय की www.oah.state.nc.us/rules वेबसाइट पर प्राप्त कर सकते हैं|

*North Carolina में बेरोजगारी बीमा कार्यक्रम को North Carolina वाणिज्य विभाग द्वारा प्रबंधित किया जाता है|*



## संपर्क जानकारी

**Board of Review**
**North Carolina Department of Commerce**
**Post Office Box 28263**
**Raleigh, NC 27611**
**Telephone: (919) 707-1610**
**Facsimile: (919) 715-7193**
**Email address: BOR@nccommerce.com**




North Carolina वाणिज्य विभाग द्वारा प्रकाशित
फॉर्म NCUI 571-E (Rev. 1/2016)



# टैक्स ओपिनियन के लिए अपील करना



## टैक्स ओपिनियन पर अपवाद दर्ज करना और टैक्स के मामले में न्यायिक समीक्षा प्राप्त करना

इस पुस्तिका में रोजगार सुरक्षा कानून के तहत आपके अधिकारों के बारे में महत्त्वपूर्ण जानकारी है| इसमें टैक्स दायित्व मामले में किसी अप्रिय निर्णय के लिए अपवाद दर्ज कराने और न्यायिक समीक्षा प्राप्त करने की जानकारी शामिल है| यदि आप कानून द्वारा स्थापित सभी आवश्यकताओं का पालन नहीं करते, तो आप अपील करने का अपना अधिकार खो सकते हैं|

**30 जून, 2013 को या उसके बाद दर्ज दावों के लिए, दावेदार किसी भी निर्णय से प्राप्त लाभों के पुनर्भुगतान के अधीन होते हैं जो बाद में अपील करने पर लौटा दिए जाते हैं| N.C. Gen. Stat. § 96-18(g)(2).**

**टैक्स देयता मामलों में अपील के बारे में अधिक जानकारी के लिए, North Carolina के वाणिज्य विभाग, रोजगार सुरक्षा डिवीज़न की www.ncesc.com वेबसाइट पर “फ्रीक्वेंटली आस्क्ड क्वेश्चन” (एफएक्यू) अनुभाग पर जा सकते हैं|**

*Usted puede obtener una copia de este folleto en español en la oficina de l Departamento de Comerció, División del Desempleo de Carolina del Norte .*

**टैक्स सुनवाई समाप्त हो चुकी है, और मुझे अभी-अभी North Carolina वाणिज्य विभाग, बोर्ड ऑफ़ रिव्यु से टैक्स ओपिनियन प्राप्त हुआ है| इसका क्या अर्थ है?**
बोर्ड के सदस्यों ने इस मामले में दिए गए सभी सबूतों को माना और निर्णय लिया है। निर्णय, जिसे टैक्स ओपिनियन कहा जाता है, इस मामले के सभी दलों को भेज दिया गया है| *देखें* 04 N.C. एडमिन. कोड 24D .1107|

**यदि मैं टैक्स ओपिनियन से असहमत हूं, तो मैं क्या कर सकता/सकती हूं?**
आप टैक्स ओपिनियन में किए गए फैसले को स्वीकार कर सकते हैं, या आप बोर्ड को इसके फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए कह सकते हैं। बोर्ड को पुनर्विचार के लिए पूछने के लिए, आपको पहले फैसले पर अपवाद दर्ज करना होगा। *देखें* N.C. Gen. Stat. § 96-4(q)|

**अपवाद क्या होते हैं?**
अपवाद वह विशिष्ट कारण हैं जिनके कारण आप टैक्स ओपिनियन से असहमत होते हैं| अपवाद लिखित में बोर्ड के साथ दर्ज किये जाने चाहिए| ओपिनियन पर अपवाद दर्ज करने के लिए कोई विशिष्ट फॉर्म नहीं होता| देखें N.C. Gen. Stat. § 96-4(q)|

**मेरे अपवाद दाखिल करने की समय सीमा क्या है?**
आपको टैक्स ओपिनियन नोटिस प्राप्त होने के 10 दिनों के भीतर बोर्ड को अपवाद प्राप्त हो जाने चाहिए| *देखें* N.C. Gen. Stat. § 96-4(q)|

**मेरे द्वारा अपवाद फाइल करने के बाद क्या होता है?**
बोर्ड के सदस्य आपके अपवाद, मामले का रिकॉर्ड और रोजगार सुरक्षा कानून के लागू प्रावधानों की समीक्षा करेंगे। इसके बाद बोर्ड आपके अपवाद को संबोधित करते हुए एक लिखित निर्णय जारी करेगा। इन फैसलों को आम तौर पर *ऑर्डर ग्रांटिंग अपवाद*, *ऑर्डर ओवररूलिंग अपवाद*, या *भाग में ऑर्डर ग्रांटिंग अपवाद* और *भाग में ओवररूलिंग अपवाद* कहा जाता है। आदेश का नाम निर्णय के पहले पेज के शीर्ष पर दाईं ओर स्थित होगा| *देखें* N.C. Gen. Stat. § 96-4 (q)|

***ऑर्डर ग्रांटिंग अपवाद* क्या हैं?**
*ऑर्डर ग्रांटिंग अपवाद* का मतलब है कि आपने टैक्स ओपिनियन से असहमति के लिए जो कारण दिए थे उसके लिए बोर्ड ने आपके पक्ष में फैसला लिया है। बोर्ड यदि आपके अपवादों को मंजूर करता है तो वह टैक्स ओपिनियन को अलग कर सकता है और यह निर्णय ले सकता है कि उसे एक अलग निष्कर्ष पर पहुंच जाना चाहिए था।

***ऑर्डर ओवररुलिंग अपवाद* क्या है?**
*ऑर्डर ओवररुलिंग अपवाद* का मतलब है कि आपने टैक्स ओपिनियन से असहमति के लिए जो कारण दिए थे उसके लिए बोर्ड ने आपके पक्ष में फैसला नहीं किया है और वह टैक्स ओपिनियन में दिए गए अपने फैसले को नहीं बदलेंगे।

***भाग में ऑर्डर ओवररूलिंग अपवाद* और *भाग में ग्रांटिंग अपवाद* का क्या अर्थ है?**
*भाग में ऑर्डर ओवररूलिंग अपवाद* और *भाग में ग्रांटिंग अपवाद* का अर्थ है, बोर्ड ने आपके कुछ अपवादों के लिए आपके पक्ष में फैसला किया है और आपके बाकी अपवादों के लिए अपने पिछले निर्णय को सही ठहराया है।

**यदि मैं मेरे अपवादों के बारे में बोर्ड के फैसले से असहमत हूं, तो क्या मैं मामले को अदालत में ले जा सकता हूं?**
हाँ। आप सुपीरियर न्यायालय के न्यायाधीश को समीक्षा करने के लिए पूछ सकते हैं। सुपीरियर न्यायालय की समीक्षा के लिए अनुरोध को न्यायिक समीक्षा की याचिका कहा जाता है। आपको न्यायाधीश के समक्ष सुनवाई सुनने का मौका मिलेगा। यदि आप मामले को अदालत में ले जाने की योजना बना रहे हैं, तो आपको पहले टैक्स ऑपिनियन के अपवादों को दर्ज करना होगा और न्यायिक समीक्षा लेने से पहले अपवादों पर बोर्ड से निर्णय लेना होगा। *देखें* N.C. Gen. Stat. § 96-4(q).

**मैं न्यायिक समीक्षा चाहता हूँ, इसप्रकार की सूचना देने की समय सीमा क्या है?**
आपको बोर्ड से नोटिस प्राप्त होने की तारीख से दस (10) दिनों के भीतर बोर्ड से अपील की सूचना दर्ज करनी होगी कि आपके अपवादों का खारिज कर दिया गया है| देखें N.C. Gen. Stat. § 96-4(q)| मामले के कैप्शन को N.C. Gen. Stat. § 96-4(r) में दिए गए अनुसार लिखा जाना चाहिए| *देखें* N.C. Gen. Stat. §§ 96-4(q) और (r)|

**बोर्ड को सूचित करने के बाद कि मैं मामले की सुनवाई वरिष्ठ न्यायालय के न्यायाधीश द्वारा करवाना चाहता हूं, मुझे क्या करना चाहिए?**
बोर्ड पर अपील करने की आपकी सूचना देने के दस (10) दिनों के भीतर, आपको अपने अपवादों को ओवरूल करने के फैसले से असहमति के लिए अपने विशिष्ट कारणों को समझाते हुए एक अपील विवरण दर्ज करना होगा। विवरण बोर्ड के साथ दर्ज किया जाना चाहिए। देखें N.C. Gen. Stat. § 96-4(q).

**जब मैं मेरे अपवादों को ओवरूल करने के बोर्ड के फैसले से असहमति के लिए कारणों को समझाते हुए एक अपील विवरण दर्ज करता/करती हूँ उसके बाद क्या होता है?**
आपके अपील विवरण प्राप्त करने के तीस (30) दिनों के भीतर, बोर्ड जहां आप रहते हैं, व्यवसाय का प्रबंधन करते हैं या व्यवसाय का संचालन करते हैं, उस काउंटी के श्रेष्ठ न्यायालय में, आपके अपवादों सहित मामले के रिकॉर्ड को दर्ज करेगा| अगर अपील करने वाला पक्ष स्टेट के बाहर रहता या व्यवसाय करता है, तो रिकॉर्ड Raleigh, North Carolina में वेक काउंटी के सुपीरियर कोर्ट में दर्ज किया जाएगा। प्रत्येक पक्ष को अदालत की सुनवाई के समय, तिथि और स्थान का लिखित नोटिस भेजा जाएगा।

**टैक्स मामले में रिकॉर्ड की समीक्षा करते समय एक न्यायाधीश क्या देखते हैं?**
बोर्ड के फैसले की समीक्षा करते समय श्रेष्ठ अदालत अपीलीय कोर्ट के रूप में कार्य करता है। न्यायाधीश अतिरिक्त सबूतों को नहीं मानेंगे। इस मामले के सबूतों को बोर्ड के समक्ष सुनवाई के समय देखा गया था। न्यायाधीश मामले के पूरे रिकॉर्ड की समीक्षा करेंगे। रिकॉर्ड में दस्तावेज और बोर्ड के सामने सुनवाई के दौरान सबूत के रूप में प्रस्तुत अन्य सबूत शामिल होते हैं। रिकॉर्ड की समीक्षा करने के बाद, न्यायाधीश को यह निर्धारित करना चाहिए कि: (1) क्या तथ्य के निष्कर्षों का समर्थन करने के लिए बोर्ड के समक्ष कोई योग्य सबूत था; और (2) क्या तथ्य बोर्ड द्वारा किए गए कानून के निष्कर्षों का समर्थन करते हैं।

**मेरी याचिका सुनने के लिए क्या मुझे न्यायाधीश के सामने न्यायिक समीक्षा के लिए कानूनी प्रतिनिधित्व की आवश्यकता है?**
शायद। न्यायिक कार्यवाही, जैसे की सुपीरियर न्यायालय में, कानूनी प्रतिनिधित्व को North Carolina जनरल कानून के अध्याय 84 और North Carolina स्टेट बार नियमों का पालन करना चाहिए। आपको अपने मामले और प्रक्रियाओं के लिए जिनका आपको पालन करना है, के बारे में कानूनी सलाह के लिए वकील से परामर्श करना होगा|